लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3182
12 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

असम में जूट मिल

3182. श्री अब्दुल खालेकः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) असम राज्य में बारपेटा जिले में गनांगचा जूट मिल की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) असम और देश में जूट मिलों की संख्या कितनी है;

(ग) सरकार द्वारा जूट उत्पादकों के लाभ हेतु क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) क्या उचित बाजार की कमी के कारण असम राज्य में जूट उत्पादों के उत्पादन में गिरावट आई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र मंत्री
(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) और (ख) : पटसन आयुक्त का कार्यालय के साथ सूचीबद्ध असम में दो संयुक्त पटसन मिलें हैं अर्थात् असम सहकारी पटसन मिल्स लि., सिलघाट और अटलांटा मोड्यूलर प्रा.लि., पश्चिम बोरागांव हैं। देश भर में कुल 98 संयुक्त पटसन मिलें सूचीबद्ध हैं।

(ग) : सरकार ने राज्य प्रापण एजेंसियों द्वारा खरीदे गए खाद्यान्नों का अनिवार्य आरक्षण बढ़ाकर 100% कर दिया है जिससे बाजार में पटसन की निरंतर मांग सुनिश्चित हुई हैं और वर्ष 2019-20 के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) भी 3950/- रु. निर्धारित किया है और भारतीय पटसन निगम (जेसीआई) को निदेश दिया है कि यदि बाजार मूल्य एमएसपी से कम हो जाता है तो किसानो से पटसन खरीदें। इसके अलावा फाइबर गुणवत्ता और उत्पादकता में सुधार करने के लिए फसल की वैज्ञानिक तकनीक और प्रमाणित बीज, नेल वीडर, सीड ड्रिलर का वितरण करके रेटिंग एक्सरसाइज लागू करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पटसन बोर्ड (एनजेबी) द्वारा पटसन-आईकेयर (उन्नत फसल और अग्रिम रेटिंग एक्सरसाइज) योजना भी क्रियान्वित की जा रही है औक इससे उत्पादन लागत कम हो गई। वर्ष 2018-19 में इस योजना के तहत 69 ब्लॉकों के लगभग 1.93 लाख किसानों को शामिल किया गया है और लगभग 900 मीट्रिक टन प्रमाणित बीज वितरित किए गए हैं।

(घ) : चूंकि विगत वर्षों में विशेष रुप से सैकिंग बैग के प्रापण में वृद्धि हुई है और असम में सूचीबद्ध दो पटसन मिलों अर्थात असम सहकारी और अटलांटा मोड्यूलर को पटसन पैकेजिंग सामग्री (पैकिंग सामग्री में अनिवार्य प्रयोग) अधिनियम, 1987 के तहत राज्य प्रापण एजेंसियों (एसपीए) को जूट सैक की आपूर्ति के लिए निरंतर रूप से सरकारी आदेश दिए जाते रहे हैं। इसलिए उचित बाजार की कमी के कारण असम में पटसन उत्पादों की मांग में गिरावट आने की कोई सूचना नहीं है।

*****